हिन्दी माध्यम

Test Booklet Code

**D**

Aakash
Medical | IIT-JEE | Foundations
(Divisions of Aakash Educational Services Pvt. Ltd.)
*Regd. Office* : Aakash Tower, 8, Pusa Road, New Delhi-110005
Ph.: 011-47623456 Fax : 011-47623472

Time : 3 hrs.

M.M. : 360

# Answers & Solutions

*for*

# JEE (MAIN)-2018

## (Mathematics, Physics and Chemistry)

**महत्वपूर्ण निर्देश :**

1. परीक्षा की अवधि **3 घंटे** है।
2. इस परीक्षा पुस्तिका में **90** प्रश्न हैं। अधिकतम अंक **360** हैं।
3. इस प्रश्न-पत्र में **तीन** भाग A, B, C हैं, जिसके प्रत्येक भाग में **गणित, भौतिक विज्ञान** एवं **रसायन विज्ञान** के 30 प्रश्न हैं और सभी प्रश्नों के अंक समान हैं। प्रत्येक प्रश्न के सही उत्तर के लिए **4 (चार)** अंक निर्धारित किये गये हैं।
4. अभ्यर्थियों को प्रत्येक सही उत्तर के लिए उपरोक्त निर्देश संख्या 3 के निर्देशानुसार अंक दिये जायेंगे। प्रत्येक प्रश्न के गलत उत्तर के लिये उस प्रश्न के लिए निर्धारित कुल अंकों में से ¼ (एक-चौथाई) भाग (अर्थात् 1 अंक) काट लिया जायेगा। यदि उत्तर पत्र में किसी प्रश्न का उत्तर नहीं दिया गया हो तो कुल प्राप्तांक से कोई कटौती नहीं की जायेगी।
5. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक ही सही उत्तर है। एक से अधिक उत्तर देने पर उसे गलत उत्तर माना जायेगा और उपरोक्त निर्देश 4 के अनुसार अंक काट लिये जायेंगे।
6. उत्तर पत्र के **पृष्ठ-1** एवं **पृष्ठ-2** पर वांछित विवरण एवं उत्तर अंकित करने हेतु परीक्षा कक्ष में उपलब्ध कराये गए **केवल काले बॉल प्वाइंट पेन** का ही प्रयोग करें।
7. अभ्यर्थी द्वारा परीक्षा कक्ष/हॉल में प्रवेश कार्ड के अलावा किसी भी प्रकार की पाठ्य सामग्री, मुद्रित या हस्तलिखित, कागज की पर्चियाँ, पेजर, मोबाइल फोन या किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को ले जाने की अनुमति नहीं है।

# PART–A : Mathematics

1. यदि वक्र $y^2 = 6x$ तथा $9x^2 + by^2 = 16$ समकोण पर प्रतिच्छेद करते हैं, तो $b$ का मान है:

(1) $\frac{9}{2}$ (2) 6

(3) $\frac{7}{2}$ (4) 4

**उत्तर (1)**

**हल** $y^2 = 6x$; $(x_1, y_1)$ पर स्पर्श रेखा की प्रवणता $m_1 = \frac{3}{y_1}$ है

तथा $9x^2 + by^2 = 16$; $(x_1, y_1)$ पर स्पर्श रेखा की प्रवणता

$m_2 = \frac{-9x_1}{by_1}$

चूँकि $m_1 m_2 = -1$

$\Rightarrow \frac{-27x_1}{by_1^2} = -1$

$\Rightarrow b = \frac{9}{2}\left(\text{चूँकि } y_1^2 = 6x_1\right)$

2. माना $u$ एक ऐसा सदिश है जो सदिश $\vec{a} = 2\hat{i} + 3\hat{j} - \hat{k}$ तथा $\vec{b} = \hat{j} + \hat{k}$ के साथ समतलयीय है। यदि $\vec{u}, \vec{a}$ पर लंबवत है तथा $\vec{u}.\vec{b} = 24$ है, तो $|\vec{u}|^2$ बराबर है:

(1) 84 (2) 336

(3) 315 (4) 256

**उत्तर (2)**

**हल** स्पष्टतः, $\vec{u} = \lambda(\vec{a} \times (\vec{a} \times \vec{b}))$

$\Rightarrow \vec{u} = \lambda((\vec{a}.\vec{b})\vec{a} - |\vec{a}|^2 \vec{b})$

$\Rightarrow \vec{u} = \lambda(2\vec{a} - 14\vec{b}) = 2\lambda\left\{(2\hat{i} + 3\hat{j} - \hat{k}) - 7(\hat{j} + \hat{k})\right\}$

$\Rightarrow \vec{u} = 2\lambda(2\hat{i} - 4\hat{j} - 8\hat{k})$

चूँकि, $\vec{u} \cdot \vec{b} = 24$

$\Rightarrow 4\lambda(\hat{i} - 2\hat{j} - 4\hat{k}) \cdot (\hat{j} + \hat{k}) = 24$

$\Rightarrow \lambda = -1$

इसलिए, $\vec{u} = -4(\hat{i} - 2\hat{j} - 4\hat{k})$

$\Rightarrow |\vec{u}|^2 = 336$

3. प्रत्येक $t \in R$ के लिए माना $[t]$, $t$ अथवा $t$ से छोटा महत्तम पूर्णांक है, तो

$$\lim_{x \to 0+} x\left(\left[\frac{1}{x}\right] + \left[\frac{2}{x}\right] + \ldots + \left[\frac{15}{x}\right]\right)$$

(1) (R में) इसका अस्तित्व नहीं है।

(2) 0 के बराबर हैं।

(3) 15 के बराबर है।

(4) 120 के बराबर है।

**उत्तर (4)**

**हल** चूँकि $\frac{1}{x} - 1 < \left[\frac{1}{x}\right] \le \frac{1}{x}$

$\frac{2}{x} - 1 < \left[\frac{2}{x}\right] \le \frac{2}{x}$

$$\sum_{r=1}^{15}\left(\frac{r}{x} - 1\right) < \sum_{r=1}^{15}\left(\frac{r}{x}\right) \le \sum_{r=1}^{15}\frac{r}{x}$$

$$120 < \lim_{x \to 0^+} x\left(\sum_{r=1}^{15}\left[\frac{r}{x}\right]\right) \le 120$$

$$\Rightarrow \lim_{x \to 0^+} x\left(\left[\frac{1}{x}\right] + \left[\frac{2}{x}\right] + \ldots\ldots + \left[\frac{15}{x}\right]\right) = 120$$

4. यदि समतलों $2x - 2y + 3z - 2 = 0$, $x - y + z + 1 = 0$ की परिच्छेदी रेखा $L_1$ है तथा समतलों $x + 2y - z - 3 = 0$, $3x - y + 2z - 1 = 0$ की परिच्छेदी रेखा $L_2$ है, तो मूल बिंदू की दूरी उस समतल से जो रेखाओं $L_1$ और $L_2$ को अंतर्विष्ट करता है, है:

(1) $\frac{1}{\sqrt{2}}$ (2) $\frac{1}{4\sqrt{2}}$

(3) $\frac{1}{3\sqrt{2}}$ (4) $\frac{1}{2\sqrt{2}}$

**उत्तर (3)**

**हल** $L_1$, $\begin{vmatrix} \hat{i} & \hat{j} & \hat{k} \\ 2 & -2 & 3 \\ 1 & -1 & 1 \end{vmatrix} = \hat{i} + \hat{j}$ के समान्तर है

$L_2$, $\begin{vmatrix} \hat{i} & \hat{j} & \hat{k} \\ 1 & 2 & -1 \\ 3 & -1 & 2 \end{vmatrix} = 3\hat{i} - 5\hat{j} - 7\hat{k}$ के समान्तर है

इसी प्रकार, $L_2, \left(\frac{5}{7}, \frac{8}{7}, 0\right)$ से गुजरती है

इसलिए अभीष्ट समतल $\begin{vmatrix} x-\frac{5}{7} & y-\frac{8}{7} & z \\ 1 & 1 & 0 \\ 3 & -5 & -7 \end{vmatrix} = 0$ है

$\Rightarrow$ $7x - 7y + 8z + 3 = 0$

अब, लम्बवत दूरी $= \frac{3}{\sqrt{162}} = \frac{1}{3\sqrt{2}}$

5. $a \int_{-\frac{\pi}{2}}^{\frac{\pi}{2}} \frac{\sin^2 x}{1+2^x} dx$ का मान है:

(1) $\frac{\pi}{4}$ (2) $\frac{\pi}{8}$

(3) $\frac{\pi}{2}$ (4) $4\pi$

**उत्तर (1)**

**हल** $I = \int_{-\frac{\pi}{2}}^{\frac{\pi}{2}} \frac{\sin^2 x dx}{1+2^x}$ ... (i)

तथा, $I = \int_{-\frac{\pi}{2}}^{\frac{\pi}{2}} \frac{2^x \sin^2 x dx}{1+2^x}$ ... (ii)

(i) व (ii) का योग करने पर

$$2I = \int_{-\frac{\pi}{2}}^{\frac{\pi}{2}} \sin^2 x dx$$

$2I = 2\int_0^{\frac{\pi}{2}} \sin^2 x dx \Rightarrow I = \int_0^{\frac{\pi}{2}} \sin^2 x dx$ ... (iii)

$I = \int_0^{\frac{\pi}{2}} \cos^2 x dx$ ... (iv)

(iii) व (iv) का योग करने पर

$$2I = \int_0^{\frac{\pi}{2}} dx = \frac{\pi}{2} \Rightarrow I = \frac{\pi}{4}$$

6. माना $g(x) = \cos x^2, f(x) = \sqrt{x}$, तथा $\alpha, \beta$ ($\alpha < \beta$) द्विघाती समीकरण $18x^2 - 9\pi x + \pi^2 = 0$ के मूल हैं। तो वक्र $y = (gof)(x)$ तथा रेखाओं $x = \alpha$, $x = \beta$ तथा $y = 0$ द्वारा घिरे क्षेत्र का क्षेत्रफल (वर्ग इकाइयों में) हैं:

(1) $\frac{1}{2}(\sqrt{2}-1)$ (2) $\frac{1}{2}(\sqrt{3}-1)$

(3) $\frac{1}{2}(\sqrt{3}+1)$ (4) $\frac{1}{2}(\sqrt{3}-\sqrt{2})$

**उत्तर (2)**

**हल** $18x^2 - 9\pi x + \pi^2 = 0$

$(6x-\pi)(3x-\pi) = 0$

$\therefore \quad x = \frac{\pi}{6}, \frac{\pi}{3}$

$\alpha = \frac{\pi}{6}, \quad \beta = \frac{\pi}{3}$

$y = (gof)(x) = \cos x$

क्षेत्रफल $= \int_{\frac{\pi}{6}}^{\frac{\pi}{3}} \cos x \, dx = (\sin x)_{\frac{\pi}{6}}^{\frac{\pi}{3}}$

$= \frac{\sqrt{3}}{2} - \frac{1}{2}$

$= \frac{1}{2}(\sqrt{3}-1)$ वर्ग इकाई

7. यदि समीकरण

$$8\cos x.\left(\cos\left(\frac{\pi}{6}+x\right).\cos\left(\frac{\pi}{6}-x\right)-\frac{1}{2}\right) = 1$$

के अंतराल $[0, \pi]$ में सभी हलों का योग $k\pi$ है, तो $k$ बराबर है:

(1) $\frac{20}{9}$ (2) $\frac{2}{3}$

(3) $\frac{13}{9}$ (4) $\frac{8}{9}$

**उत्तर (3)**

**हल** $8\cos x \cdot \left(\cos^2\frac{\pi}{6} - \sin^2 x - \frac{1}{2}\right) = 1$

$\Rightarrow \quad 8\cos x\left(\frac{3}{4} - \frac{1}{2} - 1 + \cos^2 x\right) = 1$

$\Rightarrow \quad 8\cos x\left(\frac{-3+4\cos^2 x}{4}\right) = 1$

$\Rightarrow \quad \cos 3x = 1$

$\Rightarrow \quad \cos 3x = \frac{1}{2}$

$\Rightarrow \quad 3x = \frac{\pi}{3}, \frac{5\pi}{3}, \frac{7\pi}{3}$

$\Rightarrow \quad x = \frac{\pi}{9}, \frac{5\pi}{9}, \frac{7\pi}{9}$

$\Rightarrow \quad \text{Sum} = \frac{13\pi}{9}$

$\Rightarrow \quad k = \frac{13}{9}$

8. माना $f(x) = x^2 + \frac{1}{x^2}$ तथा $g(x) = x - \frac{1}{x}$, $x \in R - [-1, 0, 1]$ है। यदि $h(x) = \frac{f(x)}{g(x)}$ है, तो $h(x)$ का स्थानीय न्यूनतम मान है:

(1) $2\sqrt{2}$ (2) 3

(3) –3 (4) $-2\sqrt{2}$

**उत्तर (1)**

**हल** $h(x) = \dfrac{x^2 + \frac{1}{x^2}}{x - \frac{1}{x}}$

$= \left(x - \frac{1}{x}\right) + \dfrac{2}{\left(x - \frac{1}{x}\right)}$

$x - \frac{1}{x} > 0, \quad \left(x - \frac{1}{x}\right) + \dfrac{2}{\left(x - \frac{1}{x}\right)} \in (2\sqrt{2}, \infty]$

$x - \frac{1}{x} < 0, \quad \left(x - \frac{1}{x}\right) + \dfrac{2}{\left(x - \frac{1}{x}\right)} \in (-\infty, -2\sqrt{2}]$

स्थानीय न्यूनतम मान $2\sqrt{2}$ है

9. समाकल

$$\int \frac{\sin^2 x \cos^2 x}{(\sin^5 x + \cos^3 x \sin^2 x + \sin^3 x \cos^2 x + \cos^5 x)} dx$$ बराबर है:

(1) $\dfrac{-1}{1 + \cot^3 x} + C$ (2) $\dfrac{1}{3(1 + \tan^3 x)} + C$

(3) $\dfrac{-1}{3(1 + \tan^3 x)} + C$ (4) $\dfrac{1}{1 + \cot^3 x} + C$

(जहाँ C एक समाकलन अचर है)

**उत्तर (3)**

**हल** $I = \displaystyle\int \frac{\sin^2 x.\cos^2 x \, dx}{\{(\sin^2 x + \cos^2 x)(\sin^3 x + \cos^3 x)\}^2}$

अंश व हर में $\cos^6 x$ का भाग देने पर

$\Rightarrow \quad I = \displaystyle\int \frac{\tan^2 x \sec^2 x \, dx}{(1 + \tan^3 x)^2}$

माना, $\tan^3 x = z$

$\Rightarrow \quad 3\tan^2 x.\sec^2 x dx = dz$

$I = \frac{1}{3}\displaystyle\int \frac{dz}{z^2} = \frac{-1}{3z} + C$

$= \dfrac{-1}{3(1 + \tan^3 x)} + C$

10. एक थैले में 4 लाल तथा 6 काली गेंदें हैं। थैले में से यादृच्छया एक गेंद निकाली गयी, तथा उसका रंग देखकर, उस गेंद को, दो अन्य उसी रंग की गेंदों के साथ वापिस थैले में डाल दिया गया। अब यदि थैले में से यादृच्छया एक गेंद निकाली जाए, तो प्रायिकता कि उस गेंद का रंग लाल है, है :

(1) $\frac{3}{4}$ (2) $\frac{3}{10}$

(3) $\frac{2}{5}$ (4) $\frac{1}{5}$

**उत्तर (3)**

**हल** $E_1$ : निकाली गई पहली गेंद लाल होने की घटना।

$E_2$ : निकाली गई पहली गेंद काली होने की घटना।

$E$ : निकाली गई दूसरी गेंद लाल होने की घटना।

$P(E) = P(E_1).P\left(\frac{E}{E_1}\right) + P(E_2).P\left(\frac{E}{E_2}\right)$

$= \frac{4}{10} \times \frac{6}{12} + \frac{6}{10} \times \frac{4}{12} = \frac{2}{5}$

11. माना एक त्रिभुज का लंब केन्द्र तथा केन्द्रक क्रमशः $A(-3, 5)$ तथा $B(3, 3)$ हैं। यदि इस त्रिभुज का परिकेन्द्र $C$ है, तो रेखाखंड $AC$ को व्यास मान कर बनाए जाने वाले वृत्त की त्रिज्या है :

(1) $\dfrac{3\sqrt{5}}{2}$ (2) $\sqrt{10}$

(3) $2\sqrt{10}$ (4) $3\sqrt{\dfrac{5}{2}}$

**उत्तर (4)**

**हल** $A$ (–3, 5)

$B$ (3, 3)




इसलिए, $AB = 2\sqrt{10}$

अब, चूँकि, $AC = \frac{3}{2} AB$

इसलिए, त्रिज्या = $\frac{3}{4} AB = \frac{3}{2}\sqrt{10} = 3\sqrt{\frac{5}{2}}$

12. यदि वक्र $x^2 = y - 6$ के बिंदु (1, 7) पर बनी स्पर्शरेखा वृत्त $x^2 + y^2 + 16x + 12y + c = 0$ को स्पर्श करती है, तो $c$ का मान है :

(1) 95 (2) 195

(3) 185 (4) 85

**उत्तर (1)**

**हल** (1, 7) पर वक्र $x^2 = y - 6$ की स्पर्श रेखा का समीकरण

$$x - 1 = \frac{1}{2}(y + 7) - 6$$

$$2x - y + 5 = 0 \quad \ldots(i)$$

वृत्त का केन्द्र = (–8, –6)

वृत्त की त्रिज्या $= \sqrt{64 + 36 - c} = \sqrt{100 - c}$

$\because$ रेखा (i), वृत्त को स्पर्श करती है

$$\therefore \left|\frac{2(-8) - (-6) + 5}{\sqrt{4 + 1}}\right| = \sqrt{100 - c}$$

$$\sqrt{5} = \sqrt{100 - c}$$

$\Rightarrow$ $c = 95$

13. यदि $\alpha, \beta \in C$, समीकरण $x^2 - x + 1 = 0$ के विभिन्न मूल हैं, तो $\alpha^{101} + \beta^{107}$ बराबर हैं :

(1) 2 (2) –1

(3) 0 (4) 1

**उत्तर (4)**

**हल** $x^2 - x + 1 = 0$

मूल are $-\omega, -\omega^2$ है

माना $\alpha = -\omega, \beta = -\omega^2$

$\alpha^{101} + \beta^{107} = (-\omega)^{101} + (-\omega^2)^{107}$

$= -(\omega^{101} + \omega^{214})$

$= -(\omega^2 + \omega)$

$= 1$

14. $PQR$ एक त्रिकोणाकार पार्क है जिसमें $PQ = PR = 200$ मी. है। $QR$ के मध्य बिंदु पर एक टीवी टावर स्थित है। यदि बिंदुओं $P, Q, R$ से टावर के शिखर के उन्नयन कोण क्रमश: 45°, 30° तथा 30° हैं, तो टावर की ऊँचाई (मी. में) है :

(1) $50\sqrt{2}$ (2) 100

(3) 50 (4) $100\sqrt{3}$

**उत्तर (2)**

**हल**




माना टावर $TM$ की ऊँचाई $h$ है

$\therefore$ $PM = h$

$\Delta TQM$ में, $\tan 30^\circ = \frac{h}{QM}$

$QM = \sqrt{3}h$

$\Delta PMQ$ में, $PM^2 + QM^2 = PQ^2$

$h^2 + (\sqrt{3}h)^2 = 200^2$

$\Rightarrow$ $4h^2 = 200^2$

$\Rightarrow$ $h = 100$ m

15. यदि $\sum_{i=1}^{9}(x_i - 5) = 9$ तथा $\sum_{i=1}^{9}(x_i - 5)^2 = 45$ है, तो नौ प्रेक्षणों $x_1, x_2, \ldots\ldots, x_9$ का मानक विचलन है :

(1) 3 (2) 9

(3) 4 (4) 2

**उत्तर (4)**

**हल** $x_i - 5$ का मानक विचलन

$$\sigma = \sqrt{\frac{\sum_{i=1}^{9}(x_i - 5)^2}{9} - \left(\frac{\sum_{i=1}^{9}(x_i - 5)}{9}\right)^2}$$

$\Rightarrow$ $\sigma = \sqrt{5 - 1} = 2$

चूँकि, मानक विचलन नियत रहता है यदि प्रेक्षणों का एक निश्चित राशि से योगफल/व्यवकलन किया जाए

इसलिए, $x_i$ का $\sigma$, 2 है

16. $\left(x + \sqrt{x^3 - 1}\right)^5 + \left(x - \sqrt{x^3 - 1}\right)^5, (x > 1)$ के प्रसार में सभी विषम घातों वाले पदों के गुणांकों का योग है :

(1) 2 (2) –1

(3) 0 (4) 1

**उत्तर (1)**

**हल** $\left(x+\sqrt{x^3-1}\right)^5+\left(x-\sqrt{x^3-1}\right)^5$

$=2\left[{}^5C_0\,x^5+{}^5C_2\,x^3\,(x^3-1)+{}^5C_4\,x\,(x^3-1)^2\right]$

$=2\left[x^5+10(x^6-x^3)+5x(x^6-2x^3+1)\right]$

$=2\left[x^5+10x^6-10x^3+5x^7-10x^4+5x\right]$

$=2\left[5x^7+10x^6+x^5-10x^4-10x^3+5x\right]$

विषम घात वाले पदों के गुणांकों का योगफल

= 2(5 + 1 – 10 + 5)

= 2

17. एक अतिपरवलय $4x^2 - y^2 = 36$ के बिंदुओं $P$ तथा $Q$ पर स्पर्श रेखाएँ खींची जाती हैं। यदि यह स्पर्शरेखाएँ बिंदु $T(0, 3)$ पर काटती हैं, तो $\Delta PTQ$ का क्षेत्रफल (वर्ग इकाइयों में) हैं :

(1) $36\sqrt{5}$ (2) $45\sqrt{5}$

(3) $54\sqrt{3}$ (4) $60\sqrt{3}$

**उत्तर (2)**

**हल** स्पष्टतः $PQ$ एक स्पर्श जीवा है

अर्थात्, $PQ$ का समीकरण $T \equiv 0$ है

$\Rightarrow\ y = -12$

वक्र के साथ हल करने पर, $4x^2 - y^2 = 36$

$\Rightarrow\ x=\pm3\sqrt{5},\ y=-12$

अर्थात्, $P(3\sqrt{5},-12);\ Q(-3\sqrt{5},-12);\ T(0,3)$

$\Delta PQT$ का क्षेत्रफल

$\Delta=\frac{1}{2}\times6\sqrt{5}\times15$

$=45\sqrt{5}$




18. 6 भिन्न उपन्यासों तथा 3 भिन्न शब्दकोशों में से 4 उपन्यासों तथा 1 शब्दकोश को चुनकर एक पंक्ति में एक शैल्फ इस प्रकार सजाया जाना है कि शब्दकोश सदा मध्य में हो। इस प्रकार के विन्यासों (arrangements) की संख्या है :

(1) कम से कम 750 लेकिन 1000 से कम

(2) कम से कम 1000

(3) 500 से कम

(4) कम से कम 500 लेकिन 750 से कम

**उत्तर (2)**

**हल** 6 उपन्यासों में से 4 उपन्यासों के चयन के तरीकों की संख्या = ${}^6C_4$

3 शब्दकोशों में से 1 शब्दकोश के चयन के तरीकों की संख्या = ${}^3C_1$

अपेक्षित विन्यास = ${}^6C_4 \times {}^3C_1 \times 4! = 1080$

$\Rightarrow$ कम से कम 1000

19. यदि रैखिक समीकरण निकाय

$x + ky + 3z = 0$

$3x + ky - 2z = 0$

$2x + 4y - 3z = 0$

का एक शून्येतर हल $(x, y, z)$ है, तो $\frac{xz}{y^2}$ बराबर है :

(1) 30 (2) –10

(3) 10 (4) –30

**उत्तर (3)**

**हल** $\because$ समीकरण के निकाय का अशून्य हल है।

$\therefore\ \begin{vmatrix}1 & k & 3\\ 3 & k & -2\\ 2 & 4 & -3\end{vmatrix}=0$

$\Rightarrow\ 44 - 4k = 0$

$\therefore\ k = 11$

माना $z = \lambda$

$\therefore\ x + 11y = -3\lambda$

तथा $3x + 11y = 2\lambda$

$\therefore\ x=\frac{5\lambda}{2},\ y=-\frac{\lambda}{2},\ z=\lambda$

$\therefore\ \frac{xz}{y^2}=\frac{\frac{5\lambda}{2}\cdot\lambda}{\left(-\frac{\lambda}{2}\right)^2}=10$

20. यदि $\begin{vmatrix}x-4 & 2x & 2x\\ 2x & x-4 & 2x\\ 2x & 2x & x-4\end{vmatrix}=(A+Bx)(x-A)^2$ है, तो क्रमित युग्म $(A, B)$ बराबर है :

(1) (4, 5) (2) (–4, –5)

(3) (–4, 3) (4) (–4, 5)

**उत्तर (4)**

**हल** $\Delta=\begin{vmatrix}x-4 & 2x & 2x\\ 2x & x-4 & 2x\\ 2x & 2x & x-4\end{vmatrix}$

$x = -4$ सभी तीन पंक्ति समरूप निर्मित करता है

अतः $(x + 4)^2$ खण्ड होगा

Aakash Medical|IIT-JEE|Foundations (Divisions of Aakash Educational Services Pvt. Ltd.)

तथा, $C_1 \to C_1 + C_2 + C_2$

$$\Delta = \begin{vmatrix} 5x-4 & 2x & 2x \\ 5x-4 & x-4 & 2x \\ 5x-4 & 2x & x-4 \end{vmatrix}$$

$\Rightarrow$ $5x - 4$ एक खण्ड है

$\Delta = \lambda(5x-4)(x+4)^2$

$\therefore$ $B = 5,\ A = -4$

21. दो समुच्चय A तथा B निम्न प्रकार के है

$A = \{(a, b) \in R \times R : |a - 5| < 1$ तथा $|b - 5| < 1\}$;

$B = \{(a, b) \in R \times R : 4(a - 6)^2 + 9(b - 5)^2 \le 36\}$, तो :

(1) न तो $A \subset B$ और न ही $B \subset A$

(2) $B \subset A$

(3) $A \subset B$

(4) $A \cap B = \phi$ (एक रिक्त समुच्चय)

**उत्तर** (3)

**हल** चूँकि, $|a - 5| < 1$ तथा $|b - 5| < 1$

$\Rightarrow$ $4 < a, b < 6$ तथा $\frac{(a-6)^2}{9} + \frac{(b-5)^2}{4} \le 1$

अक्षों को $a$-अक्ष तथा $b$-अक्ष के रूप में लेने पर




समुच्चय $A$ समुच्चय $B$ के अन्दर वर्ग $PQRS$ को निरूपित करता है जो दीर्घवृत्त को दर्शाता है अत: $A \subset B$.

22. परवलय $y^2 = 16x$ के एक बिंदु $P(16, 16)$ पर स्पर्शरेखा तथा अभिलंब खींचे जाते हैं जो परवलय के अक्ष को बिंदुओं क्रमश: $A$ तथा $B$ पर प्रतिच्छेद करते हैं। यदि बिंदुओं $P$, $A$ तथा $B$ से होकर जाने वाले वृत्त का केन्द्र $C$ है तथा $\angle CPB = \theta$, तो $\tan\theta$ का एक मान है :

(1) $\frac{4}{3}$ (2) $\frac{1}{2}$

(3) 2 (4) 3

**उत्तर** (3)

**हल** $y^2 = 16x$

$P(16, 16)$ पर स्पर्श रेखा $2y = x + 16$ है ... (1)

$P(16, 16)$ पर अभिलम्ब $y = -2x + 48$ है ... (2)

अर्थात्, $A$, $(-16, 0)$ है; $B$, $(24, 0)$ है

अब, वृत्त का केन्द्र $(4, 0)$ है

अब, $m_{PC} = \frac{4}{3}$

$m_{PB} = -2$

अर्थात्, $\tan\theta = \left|\dfrac{\frac{4}{3} + 2}{1 - \frac{8}{3}}\right| = 2$




23. माना $S = \{t \in R : f(x) = |x - \pi| \cdot (e^{|x|} - 1)\sin|x|$ जो $t$ पर अवकलनीय नहीं है) तो समुच्चय $S$ बराबर है

(1) $\{0, \pi\}$

(2) $\phi$ (एक रिक्त समुच्चय)

(3) $\{0\}$

(4) $\{\pi\}$

**उत्तर** (2)

**हल** $f(x) = |x - \pi|(e^{|x|} - 1)\sin|x|$

$x = \pi, 0$ पुनरावर्त मूल हैं तथा सतत् भी है।

अत:, $x$ के सभी मानों पर '$f$' अवकलनीय है।

24. बूले के व्यंजक

$\sim(p \vee q) \vee (\sim p \wedge q)$ के समतुल्य है :

(1) $\sim q$ (2) $\sim p$

(3) $p$ (4) $q$

**उत्तर** (2)

**हल** $\sim(p \vee q) \vee (\sim p \wedge q)$

प्रगुण से, $(\sim p \wedge \sim q) \vee (\sim p \wedge q)$

$= \sim p$

25. एक सरल रेखा, जो एक अचर बिंदु (2, 3) से होकर जाती है, निर्देशांक अक्षों को दो विभिन्न बिन्दुओं $P$ तथा $Q$ पर प्रतिच्छेद करती है। यदि $O$ मूल बिंदु है तथा आयत $OPRQ$ को पूरा किया जाता है तो $R$ का बिंदुपथ है

(1) $3x + 2y = 6xy$

(2) $3x + 2y = 6$

(3) $2x + 3y = xy$

(4) $3x + 2y = xy$

**उत्तर (4)**

**हल** माना रेखा का समीकरण $\frac{x}{a}+\frac{y}{b}=1$ है ...(i)

(i) निश्चित बिंदु (2, 3) से गुजरती है

$\Rightarrow \frac{2}{a}+\frac{3}{b}=1$ ...(ii)

$P(a, 0)$, $Q(0, b)$, $O(0, 0)$, माना $R(h, k)$,




$OR$ का मध्य बिंदु $\left(\frac{h}{2},\frac{k}{2}\right)$ है

$PQ$ का मध्य बिंदु $\left(\frac{a}{2},\frac{b}{2}\right)$ है $\Rightarrow h = a,\quad k = b$ ... (iii)

(ii) व (iii) से,

$\frac{2}{h}+\frac{3}{k}=1 \quad \Rightarrow R(h, k)$ का बिंदुपथ

$\frac{2}{x}+\frac{3}{y}=1 \quad \Rightarrow 3x + 2y = xy$

26. माना श्रेणी $1^2 + 2.2^2 + 3^2 + 2.4^2 + 5^2 + 2.6^2 + ......$ के प्रथम 20 पदों का योग $A$ है तथा प्रथम 40 पदों का योग $B$ है।

यदि $B - 2A = 100\lambda$, तो $\lambda$ बराबर है

(1) 496 (2) 232

(3) 248 (4) 464

**उत्तर (3)**

**हल** $A = 1^2 + 2.2^2 + 3^2 + .... + 2.20^2$

$= (1^2 + 2^2 + 3^2 + .... + 20^2) + 4(1^2 + 2^2 + 3^2 + .... + 10^2)$

$= \frac{20\times 21\times 41}{6}+\frac{4\times 10\times 11\times 21}{6}$

$= 2870 + 1540 = 4410$

$B = 1^2 + 2.2^2 + 3^2 + .... + 2.40^2$

$= (1^2 + 2^2 + 3^2 + .... + 40^2) + 4(1^2 + 2^2 + 3^2 + .... + 20^2)$

$= \frac{40\times 41\times 81}{6}+\frac{4\times 20\times 21\times 41}{6}$

$= 22140 + 11480 = 33620$

$\Rightarrow B - 2A = 33620 - 8820 = 24800$

$\Rightarrow 100\lambda = 24800$

$\lambda = 248$

27. माना अवकल समीकरण

$\sin x\frac{dy}{dx}+y\cos x = 4x,\ x\in(0,\pi)$ का $y = y(x)$ एक हल है। यदि $y\left(\frac{\pi}{2}\right)=0$ है, तो $y\left(\frac{\pi}{6}\right)$ बराबर है

(1) $-\frac{4}{9}\pi^2$

(2) $\frac{4}{9\sqrt{3}}\pi^2$

(3) $\frac{-8}{9\sqrt{3}}\pi^2$

(4) $-\frac{8}{9}\pi^2$

**उत्तर (4)**

**हल** $\sin x\frac{dy}{dx}+y\cos x = 4x,\ x \in (0, \pi)$

$\frac{dy}{dx}+y\cot x = \frac{4x}{\sin x}$

$\therefore$ I.F. $= e^{\int \cot x\, dx} = \sin x$

$\therefore$ हल दिया गया है :

$y\sin x = \int \frac{4x}{\sin x}\cdot \sin x\, dx$

$y\cdot\sin x = 2x^2 + c$

जब $x=\frac{\pi}{2},\ y = 0 \quad \Rightarrow \quad c = -\frac{\pi^2}{2}$

$\therefore$ समीकरण : $y\sin x = 2x^2 - \frac{\pi^2}{2}$ है

जब $x = \frac{\pi}{6}$ तब $y\cdot\frac{1}{2} = 2\cdot\frac{\pi^2}{36}-\frac{\pi^2}{2}$

$\therefore \quad y = -\frac{8\pi^2}{9}$

Aakash Medical|IIT-JEE|Foundations (Divisions of Aakash Educational Services Pvt. Ltd.)

28. बिंदुओं (5, –1, 4) तथा (4, –1, 3) को मिलाने वाले रेखाखंड का समतल $x + y + z = 7$ पर डाले गए प्रक्षेप की लंबाई है:

(1) $\sqrt{\frac{2}{3}}$

(2) $\frac{2}{\sqrt{3}}$

(3) $\frac{2}{3}$

(4) $\frac{1}{3}$

**उत्तर (1)**

**हल**




समतल $x + y + z = 7$ का अभिलम्ब $\vec{n} = \hat{i} + \hat{j} + \hat{k}$ है

$\overrightarrow{AB} = -\hat{i} - \hat{k} \Rightarrow \ |\overrightarrow{AB}| \ = AB = \sqrt{2}$

$BC$ = $\vec{n}$ पर $\overrightarrow{AB}$ के प्रक्षेप की लम्बाई $= |\overrightarrow{AB} \cdot \hat{n}|$

$$= \left| \left(-\hat{i} - \hat{k}\right) \cdot \frac{\left(\hat{i} + \hat{j} + \hat{k}\right)}{\sqrt{3}} \right| = \frac{2}{\sqrt{3}}$$

समतल पर रेखाखण्ड के प्रक्षेप की लम्बाई $AC$ है

$$AC^2 = AB^2 - BC^2 = 2 - \frac{4}{3} = \frac{2}{3}$$

$$AC^2 = \sqrt{\frac{2}{3}}$$

29. माना $S = \{x \in R\} : x \geq 0$ तथा $2\left|\sqrt{x} - 3\right| + \sqrt{x}(\sqrt{x} - 6) + 6 = 0\}$ तो $S$ :

(1) में मात्र चार अवयव हैं।

(2) एक रिक्त समुच्चय है।

(3) में मात्र एक ही अवयव है।

(4) में मात्र दो अवयव हैं।

**उत्तर (4)**

**हल** $2|\sqrt{x} - 3| + \sqrt{x}(\sqrt{x} - 6) + 6 = 0$

$2|\sqrt{x} - 3| + (\sqrt{x} - 3 + 3)(\sqrt{x} - 3 - 3) + 6 = 0$

$2|\sqrt{x} - 3| + (\sqrt{x} - 3)^2 - 3 = 0$

$(\sqrt{x} - 3)^2 + 2|\sqrt{x} - 3| - 3 = 0$

$(|\sqrt{x} - 3| + 3)(|\sqrt{x} - 3| - 1) = 0$

$\Rightarrow \ |\sqrt{x} - 3| = 1, |\sqrt{x} - 3| + 3 \neq 0$

$\Rightarrow \ \sqrt{x} - 3 = \pm 1$

$\Rightarrow \ \sqrt{x} = 4, 2$

x = 16, 4

30. माना $a_1, a_2, a_3 \ldots\ldots, a_{49}$ एक समांतर श्रेढ़ी में ऐसे हैं कि $\sum_{k=0}^{12} a_{4k+1} = 416$ तथा $a_9 + a_{43} = 66$ है। यदि $a_1^2 + a_2^2 + \ldots a_{17}^2 = 140\,m$ है, तो $m$ बराबर है

(1) 33

(2) 66

(3) 68

(4) 34

**उत्तर (4)**

**हल** माना $a_1 = a$ तथा सार्व अन्तर $= d$

दिया है कि, $a_1 + a_5 + a_9 + \ldots\ldots + a_{49} = 416$

$\Rightarrow \ a + 24d = 32$ ...(i)

तथा, $a_9 + a_{43} = 66 \Rightarrow a + 25d = 33$ ...(ii)

(i) व (ii) हल करने पर

यहाँ $d = 1$, $a = 8$

अब, $a_1^2 + a_2^2 + \ldots\ldots + a_{17}^2 = 140m$

$\Rightarrow \ 8^2 + 9^2 + \ldots\ldots + 24^2 = 140m$

$$\Rightarrow \ \frac{24 \times 25 \times 49}{6} - \frac{7 \times 8 \times 15}{6} = 140m$$

$\Rightarrow \ \boxed{m = 34}$

# PART–B : PHYSICS

31. तीन संकेन्द्री धातु कोष $A$, $B$ तथा $C$, जिनकी त्रिज्यायें क्रमशः $a$, $b$ तथा $c$ ($a < b < c$) हैं, का पृष्ठ-आवेश-घनत्व क्रमशः $+\sigma$, $-\sigma$ तथा $+\sigma$ हैं। कोष $B$ का विभव होगा:

(1) $\frac{\sigma}{\varepsilon_0}\left[\frac{b^2-c^2}{c}+a\right]$ (2) $\frac{\sigma}{\varepsilon_0}\left[\frac{a^2-b^2}{a}+c\right]$

(3) $\frac{\sigma}{\varepsilon_0}\left[\frac{a^2-b^2}{b}+c\right]$ (4) $\frac{\sigma}{\varepsilon_0}\left[\frac{b^2-c^2}{b}+a\right]$

**उत्तर (3)**

**हल**




$$V_B = \left[\frac{\sigma 4\pi a^2}{4\pi\varepsilon_0 b} - \frac{\sigma 4\pi b^2}{4\pi\varepsilon_0 b} + \frac{\sigma 4\pi c^2}{4\pi\varepsilon_0 c}\right]$$

$$V_B = \frac{\sigma}{\varepsilon_0}\left[\frac{a^2-b^2}{b}+c\right]$$

32. चित्रानुसार सात एक जैसी वृत्ताकार समतल डिस्कों, जिनमें प्रत्येक का द्रव्यमान $M$ तथा त्रिज्या $R$ है, को सममित रूप से जोड़ा जाता है। समतल के लम्बवत् तथा $P$ से गुजरने वाली अक्ष के सापेक्ष, इस संयोजन का जड़त्व आघूर्ण है:




(1) $\frac{181}{2}MR^2$ (2) $\frac{19}{2}MR^2$

(3) $\frac{55}{2}MR^2$ (4) $\frac{73}{2}MR^2$

**उत्तर (1)**

**हल** $I_0 = \frac{MR^2}{2} + 6\left(\frac{MR^2}{2} + M(2R)^2\right)$

$I_P = I_0 + 7M(3R)^2 = \frac{181}{2}MR^2$

33. $R$ त्रिज्या तथा $9M$ द्रव्यमान के एकसमान गोलाकार डिस्क से $\frac{R}{3}$ त्रिज्या का एक छोटा गोलाकार डिस्क काट कर निकाल लिया जाता है, जैसा कि चित्र में दर्शाया गया है। डिस्क के सतह के लम्बवत् एवं उसके केन्द्र से गुजरने वाले अक्ष के सापेक्ष बची हुई डिस्क का जड़त्व आघूर्ण होगा:




(1) $\frac{37}{9}MR^2$ (2) $4MR^2$

(3) $\frac{40}{9}MR^2$ (4) $10MR^2$

**उत्तर (2)**

**हल**




$m = \frac{(9M)}{9} = M$

$$I_1 = \frac{(9M)\times R^2}{2}$$

$$I_2 = \frac{M\times\left(\frac{R}{3}\right)^2}{2} + M\times\left(\frac{2R}{3}\right)^2 = \frac{MR^2}{2}$$

$\therefore$ $I_{req} = I_1 - I_2$

$$= \frac{9}{2}MR^2 - \frac{MR^2}{2} = 4MR^2$$

34. दिये गये परिपथ में silicon डायोड के लिए अमीटर का पाठयांक होगा:




(1) 13.5 mA (2) 0

(3) 15 mA (4) 11.5 mA

**उत्तर (4)**

**हल** $I = \frac{V - V_{\text{डायोड}}}{R}$

$= \left[\frac{3-0.7}{200} \times 1000\right]$ mA

= 11.5 mA




35. तीव्रता $I$ का अध्रुवित प्रकाश का एक आदर्श पोलरॉइड $A$ से गुजरता है। इसी तरह का एक और पोलरॉइड $B$ को पोलरॉइड $A$ के पीछे रखा गया है। पोलरॉइड $B$ के पश्चात् प्रकाश की तीव्रता $\frac{I}{2}$ पायी जाती है। अब एक और उसी तरह के पोलरॉइड $C$ को $A$ और $B$ के बीच रखा जाता है जिससे $B$ के पश्चात तीव्रता $\frac{I}{8}$ पायी जाती है। पोलरॉइड $A$ व $C$ के बीच का कोण होगा:

(1) 60° (2) 0°

(3) 30° (4) 45°

**उत्तर (4)**

**हल** ध्रुवक $A$ व $B$ समान्तर रूप से गुजरते हुए अक्ष के साथ अभिविन्यासित हैं

माना ध्रुवक $C$, $A$ के साथ $\theta$ कोण पर है, तब यह $B$ के साथ $\theta$ कोण भी बनाता है।

$\because \quad \frac{I}{8} = \left(\frac{I}{2} \times \cos^2\theta\right) \times \cos^2\theta$

$\Rightarrow \quad \cos^2\theta = \frac{1}{2} \Rightarrow \theta = 45°$

36. $v_m$ आयाम तथा $\omega_0 = \frac{1}{\sqrt{LC}}$ आवृत्ति के विभव द्वारा चलित एक RLC परिपथ अनुनादित होता है। गुणता कारक $Q$ का मान होगा:

(1) $\frac{CR}{\omega_0}$ (2) $\frac{\omega_0 L}{R}$

(3) $\frac{\omega_0 R}{L}$ (4) $\frac{R}{(\omega_0 C)}$

**उत्तर (2)**

**हल** गुणता कारक, $Q = \frac{\omega_0}{(2\Delta\omega)}$

$Q = \frac{\omega_0 L}{R}$

37. $m_1$ = 5 kg तथा $m_2$ = 10 kg के दो द्रव्यमान एक अवितान्य डोरी द्वारा एक घर्षणरहित घिरनी के ऊपर से जुड़े हुए हैं, जैसा कि चित्र में दर्शाया है। क्षैतिज सतह का घर्षण गुणांक 0.15 है। वह न्यूनतम द्रव्यमान $m$, जिसको द्रव्यमान $m_2$ के ऊपर रखने से गति रूक जाये, होना चाहिए




(1) 10.3 kg (2) 18.3 kg

(3) 27.3 kg (4) 43.3 kg

**उत्तर (3)**

**हल** गतिशील ब्लॉक $m_2$ को रोकने के लिए, $m_2$ का त्वरण, $m_2$ के वेग के विपरीत होना चाहिए

$m_1 g < \mu(m + m_2)g$

$\Rightarrow \quad 5 < 0.15(10 + m_2)$

$\Rightarrow \quad m_2 > 23.33$ kg

$\therefore$ न्यूनतम द्रव्यमान = 27.3 kg (दिए गए विकल्पों के अनुसार)

38. एक एकरेखीय संघट्ट (Colinear collision) में, आरम्भिक चाल $v_0$ का एक कण समान द्रव्यमान के एक दूसरे रूके हुए कण से टकराता है। यदि कुल अन्तिम गतिज ऊर्जा, आरम्भिक गतिज ऊर्जा से 50% ज्यादा हो तो टक्कर के बाद दोनों कणों के सापेक्ष गति का परिमाण होगा:

(1) $\frac{v_0}{\sqrt{2}}$ (2) $\frac{v_0}{4}$

(3) $\sqrt{2}v_0$ (4) $\frac{v_0}{2}$

**उत्तर (3)**

**हल** यह अतिप्रत्यास्थ टक्कर की स्थिति है

$mv_0 = mv_1 + mv_2$ ...(i)

$\Rightarrow \quad v_1 + v_2 = v_0$

$$\frac{1}{2}m\left(v_1^2 + v_2^2\right) = \frac{3}{2}\left(\frac{1}{2}mv_0^2\right)$$

$\Rightarrow \quad \left(v_1^2 + v_2^2\right) = \dfrac{3}{2} v_0^2 \qquad$ ...(ii)

$\Rightarrow \quad (v_1 + v_2)^2 = v_1^2 + v_2^2 + 2v_1v_2$

$\Rightarrow \quad v_0^2 = \dfrac{3v_0^2}{2} + 2v_1v_2$

$\Rightarrow \quad 2v_1v_2 = -\dfrac{v_0^2}{2} \qquad$ ...(iii)

$\therefore \quad (v_1 - v_2)^2 = (v_1 + v_2)^2 - 4v_1v_2 = v_0^2 + v_0^2$

$\Rightarrow \quad v_1 - v_2 = \sqrt{2}\, v_0$

39. एक कण $R$ त्रिज्या के एक वृत्ताकार पथ पर किसी एक केन्द्रीय बल, जो कि $R$ की $n$ वीं घात के व्युत्क्रमानुपाती है, के अन्तर्गत घूमता है। यदि कण का आवर्त काल $T$ हो, तो:

(1) $T \propto R^{n/2}$

(2) $T \propto R^{3/2}$, $n$ के किसी भी मान के लिए

(3) $T \propto R^{\frac{n}{2}+1}$

(4) $T \propto R^{(n+1)/2}$

**उत्तर (4)**

**हल** $m\omega^2 R = k\,R^{-n} = \dfrac{k}{R^n}$

$\Rightarrow \quad \dfrac{1}{T^2} \propto \dfrac{1}{R^{n+1}} \Rightarrow T \propto R^{\left(\frac{n+1}{2}\right)}$

40. 12 V तथा 13 V विद्युत वाहक बल की दो बैटरी को समान्तर क्रम में एक 10 Ω के लोड प्रतिरोध के साथ जोड़ा गया है। दोनों बैटरी के आन्तरिक प्रतिरोध क्रमशः 1 Ω तथा 2 Ω हैं। लोड प्रतिरोध के सिरों का विभव निम्न में से किन मानों के बीच होगा?

(1) 11.7 V तथा 11.8 V (2) 11.6 V तथा 11.7 V

(3) 11.5 V तथा 11.6 V (4) 11.4 V तथा 11.5 V

**उत्तर (3)**

**हल**




लूपों में KVL लगाने पर

$12 - x - 10(x + y) = 0$

$\Rightarrow \quad 12 = 11x + 10y \qquad$ ...(i)

$13 = 10x + 12y \qquad$ ...(ii)

हल करने पर $x = \dfrac{7}{16}$A, $y = \dfrac{23}{32}$A

$V = 10(x + y) = 11.56$ V

वैकल्पिक : $r_{eq} = \dfrac{2}{3}\Omega$, $R = 10\ \Omega$

$$\frac{E_{eq}}{r_{eq}} = \frac{E_1}{r_1} + \frac{E_2}{r_2} \Rightarrow E_{eq} = \frac{37}{3}\text{ V}$$

$$V = \frac{E_{eq}}{R + r_{eq}} R = 11.56\text{ V}$$

41. एक a.c. परिपथ के विद्युत वाहक बल तथा धारा का तात्क्षणिक मान निम्नलिखित समीकरणों से दिया गया है

$e = 100 \sin 30t$

$i = 20 \sin\left(30t - \dfrac{\pi}{4}\right)$

a.c. के एक पूर्ण चक्र में परिपथ द्वारा औसत शक्ति व्यय तथा वाटहीन धारा के मान, क्रमशः, हैं:

(1) 50, 0 (2) 50, 10

(3) $\dfrac{1000}{\sqrt{2}}, 10$ (4) $\dfrac{50}{\sqrt{2}}, 0$

**उत्तर (3)**

**हल** $P_{av} = E_{rms}\, I_{rms} \cos\phi$

$= \dfrac{100}{\sqrt{2}} \times \dfrac{20}{\sqrt{2}} \times \dfrac{1}{\sqrt{2}} = \dfrac{1000}{\sqrt{2}}$

$i_{\text{वाटहीन}} = i_{rms} \sin\phi = \dfrac{20}{\sqrt{2}} \times \dfrac{1}{\sqrt{2}} = 10$

42. एक विद्युत चुम्बकीय तरंग हवा में किसी माध्यम में प्रवेश करती है। उनके वैद्युत क्षेत्र $\vec{E}_1 = E_{01}\hat{x}\cos\left[2\pi\nu\left(\dfrac{z}{c} - t\right)\right]$ हवा में एवं $\vec{E}_2 = E_{02}\hat{x}\cos[k(2z - ct)]$ माध्यम में है, जहाँ संचरण संख्या $k$ तथा आवृत्ति $\nu$ के मान हवा में हैं। माध्यम अचुम्बकीय है। यदि $\varepsilon_{r_1}$ तथा $\varepsilon_{r_2}$ क्रमशः हवा एवं माध्यम की सापेक्ष विद्युतशीलता हों, तो निम्न में से कौन सा विकल्प सत्य होगा?

(1) $\dfrac{\varepsilon_{r_1}}{\varepsilon_{r_2}} = \dfrac{1}{2}$ (2) $\dfrac{\varepsilon_{r_1}}{\varepsilon_{r_2}} = 4$

(3) $\dfrac{\varepsilon_{r_1}}{\varepsilon_{r_2}} = 2$ (4) $\dfrac{\varepsilon_{r_1}}{\varepsilon_{r_2}} = \dfrac{1}{4}$

**उत्तर (4)**

**हल** $\vec{E}_1 = E_{01}\hat{x}\cos\left[2\pi\nu\left(\frac{z}{c}-t\right)\right]$ वायु

$\vec{E}_2 = E_{02}\hat{x}\cos\left[k(2z-ct)\right]$ माध्यम

अपवर्तन के दौरान, आवृत्ति अपरिवर्तित रहती है, जबकि तरंगदैर्ध्य परिवर्तित होती है।

$\therefore$ $k' = 2k$ (समीकरणों से)

$\Rightarrow \frac{2\pi}{\lambda'} = 2\left(\frac{2\pi}{\lambda_0}\right)$

$\Rightarrow \lambda' = \frac{\lambda_0}{2}$

$\Rightarrow v = \frac{c}{2}$

$\Rightarrow \frac{1}{\sqrt{\mu_0\varepsilon_2}} = \frac{1}{2}\times\frac{1}{\sqrt{\mu_0\varepsilon_1}} \Rightarrow \frac{\varepsilon_1}{\varepsilon_2} = \frac{1}{4}$

43. एक टेलिफोन संचरण सेवा, वाहक आवृत्ति 10 GHz पर काम करती है। इसका केवल 10% संचार के लिए उपयोग किया जाता है। यदि प्रत्येक चैनल की बैण्ड चौड़ाई 5 kHz हो तो एक साथ कितने टेलीफोनिक चैनल संचारित किये जा सकते हैं?

(1) $2 \times 10^6$ (2) $2 \times 10^3$

(3) $2 \times 10^4$ (4) $2 \times 10^5$

**उत्तर (4)**

**हल** वाहक आवृत्ति = $10 \times 10^9$ Hz

उपलब्ध बैण्ड चौड़ाई = 10% of $10 \times 10^9$ Hz

= $10^9$ Hz

प्रत्येक दूरभाषिक चैनल के लिए बैण्ड चौड़ाई = 5 kHz

